# नगर पालिक निगम भिलाई

## त्रैमासिक पत्रिका
## अक्टूबर, नवम्बर, दिसम्बर
## संस्करण 2015




नगर पालिक निगम भिलाई



श्रीमती निर्मला यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को मेरी शुभकामनााएं। भिलाई निगम अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ समस्त शासकीय योजनाओं को क्रियान्वित करने में अग्रसर है। हमारी यह प्रयास है कि शासन की समस्त योजनाएं हर वर्ग के व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के प्राप्त हो। महिलाओं के लिए विशेष योजनाओं का क्रियान्वयन कर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में अग्रसर है।

आइये हम अपने शहर को बिजली, पानी, मकान एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर सभी क्षेत्रों में अग्रणी बनाएं, और एक स्वच्छ और सुंदर भिलाई को संकल्पना को पूरा करें।

श्रीमती निर्मला यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई



श्री नरेन्द्र दुग्गा
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

## संदेश

हमारा प्रयास है कि नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के सभी नागरिकों को मुलभुत सुविधाओं के साथ–साथ, शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निरन्तर मिलता रहे। अपने सीमित संसाधनों एवं क्षमता के अनुरुप निगम के अधिकारी कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहें है। अमृत मिशन योजना के अंतर्गत शहर को प्रदूशण मुक्त करने एवं शहर के नागरिकों को शुद्ध पेयजल प्रदान करने की कार्य योजना को समय पर पुरा करने के साथ निगम भिलाई ई–गवर्नेन्स रिफॉर्म क्रियान्वयन हेतु कृत संकल्पित है। अपने नगर को हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए सभी के सहयोग की आवश्यकता है।

आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

भिलाईनगर/स्वच्छता पखवाडा अन्तर्गत 2 अक्टूबर महात्मा गांधी के जयंती के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन अभियान के वर्षगाठ दिवस में बस स्टैण्ड परिसर सुपेला में शालेय एव विद्यालय स्तर के छात्र–छात्राओं के बीच आयोजित रंगोली,वाद–विवाद,प्रश्नोत्तरी,हस्तकला स्वच्छ भारत मिशन विषय को लेकर निगम भिलाई क्षेत्र के दस संकुल के विद्यालयों में आयोजित प्रतियोगिता के विजय प्रतिभागियों को पुरस्कार के साथ स्वच्छता दूत, उत्कृष्ठ कर्मचारी, उत्कृष्ठ संस्थान का सम्मान करते हुए स्मृति चिन्ह एवं प्रसस्ति पत्र प्रदान किया गया ।

इस अवसर पर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने भिलाई शहर के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिको व्यासायियों के सहयोग से भिलाई शहर को स्वच्छ और साफ सुन्दर बनाने में पुरा सहयोग रहा साथ ही चेम्बर आफॅ कामर्स युवा चेम्बर,जवाहर मार्केट व्यापारी संघ,रविशंकर शुक्ला मार्केट, होजरीज मार्केट,साप्ताहिक सब्जी विकेता संघ, प्रजापति ब्रम्हकुमारी ईश्वरी संस्थान, आर्ट आफ लिविंग, निगम कर्मचारी संघ,विश्व ब्राम्हण समाज, गायत्री परिवार, निगम के सफाई कार्य में लगे समस्त दस्ते की कडी मेहनत और लगन से ही शहर में स्वच्छ वातावरण देने में हम सफल हो सके है । स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत हम दो हजार उन्नीस तक हम भिलाई शहर को खुले शौच से मुक्त करने का लक्ष्य रखा है साथ ही हर घर से कचरा सीधे प्राप्त कर उसके सही निष्पादन करने में भी सफल हो सकेंगे । स्वच्छता को लेकर निगम ने अपनी नियमित कार्य योजना तैयार कि है जिसमें घरेलू व्यवसायिक एवं औद्योगिक कचरो के निष्पान के लिए साठ एकड की भूमि में संयंत्र स्थापना की कार्यवाही की जा रही है नागरिको के सहयोग से आवारा कुत्तो की नशबंदी पशुओं सुवरो का व्यवस्थापन पर कार्य योजना चल रही है । जिला प्रशासन दुर्ग का नगर निगम भिलाई को पुरा–पुरा सहयोग एवं मार्गदर्शन मिल रहा है जिससे की हम अपनी कार्य योजना को मूर्तरूप देने में सफल हो रहे है इस अभियान की शुरूवात जिला प्रशासन के मानव श्रृंखला से प्रारंभ होकर आज एक वर्ष का लम्बा सफर तय किये है ।

पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथी के रूप में वैशाली नगर विधायक विद्यारतन भसिन से आज के कार्यक्रम को स्वच्छता के जागरूकता का कार्यक्रम बताते हुए कहा कि आज विश्व में स्वच्छता एवं पर्यावरण को लेकर एक जनआंदोलन खडा हुआ है । हमारे देश के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को पूर्ण स्वच्छ बनाने के लिए एक पंचवर्षीय योजना देश के सामने रखी है । जहॉ शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो के कचरो के विनिष्ठीकरण करने की कार्य को गति मिली है वही स्वच्छ भारत की कल्पना को लेकर प्रत्येक घरो में निजी शौचालय का काम एक अभियान के रूप में प्रारंभ किया गया है । भिलाई निगम क्षेत्र में दस हजार निजी शौचालय बनाने का लक्ष्य रख कर कार्य प्रारंभ हुआ है स्वच्छता को लेकर निगम ने बहुत से कार्य किये है लेकिन अभी लक्ष्य दुर है हमें बहुत कुछ करना है आज स्वच्छ भारत को लेकर महात्मा गांधी के जन्म दिवस पर एक वर्ष का कार्यक्रम पूर्ण हुआ है जिन लोगो ने इस कार्य में सहयोग किया आज उन्हें सम्मानित भी किया जा रहा है मुझे विश्वास है कि जनसहयोग से भिलाई शहर निश्चित ही एक स्वच्छ और सुन्दर शहर बनेगा जैसे कि सभी की परिकल्पना है ।

महापौर निर्मला यादव ने कहा कि भिलाई के स्वच्छता में नागरिको की जिम्मेदारी अहम है विभिन्न समाजिक संगठन एवं लोगो का अब तक जो साथ स्वच्छता के लिए मिला है निगम भिलाई ऐसे स्वच्छता दूतो को सम्मानित कर गौरव अनुभव कर रहा है। सभा को संजयदानी ने भी सबोधित किया कार्यकम के प्रारंभ में महात्मा गांधी के तैल्यचित्र पर मालार्पण कर कार्यक्रम को शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन जन सम्पर्क अधिकारी अशोक पहाडिया,शरद दुबे,अजय शुक्ला ने किया। इस अवसर पर पार्षद रामानंद मौर्य,कवल राम साहू ,श्याम सुंदर राव,प्रकाश लहरे,सुनील साहू,राजेन्द्र रजक,श्रीमति चित्रलेखा देशलहरे,श्रीमति मधुलहरे, सहित चेम्बर्स आफ कामर्स,जवाहर मार्केट व्यापारी संध के पदाधरिकारी उपस्थित थे।

भिलाई नगर/ तालाबों से भु–गत जल सरक्षित रहता है, इसलिए नगर में तालाबों की श्रृंखला आवश्यक है, शहर के लोगों को पुराना नहर के ऊपर एक बाईपास के रूप में शीघ्र सडक मिल पायेगी। सेक्टर क्षेत्र में हर दो सडक के बीच में ओपन गार्डन होना आवश्यक हैं। ताकि सेवानृवित्त हो रहे ,कर्मचारियों को तफरी के लिए सर्व शुलभ उद्यान घर के पास ही उपलब्ध हों।

उक्त उदगार छत्तीसगढ शासन केबिनेट मंत्री प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने वार्ड–30 जोन–4 खुर्सीपार में तालाब का वार्ड–44 सेक्टर–5 एंव सेक्टर–10 में उद्यान के लोकार्पण अवसर पर कहा, उन्होनें आगे कहा कि खुर्सीपार क्षेत्र के लोगों को सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता में है और वार्ड–28 में 34 लाख की लागत से मंगल भवन का जीर्णोधार वार्ड–31 में 48 लाख की लागत से समुदायिक भवन का निर्माण वार्ड–32 एंव 33 में व्याप्त पेय जल की समस्या से निपटने के लिए पानी टंकी का निर्माण सहित वार्ड–33 में 6 करोड की लागत से सर्व सुविधा युक्त तालाब एंव उद्यान का निर्माण प्रस्तावित हैं । उन्होनें ने कहा कि केम्प क्षेत्र से गुजरे वाले खुर्सीपार तक के नहर को प्रथम चरण में जलेबी चौक तक रोड के रूप में निर्माण किया जायेगा, ताकि जी.ई रोड पर यातायात का दबाव कम हो, और शहर के लोगों को भिलाई–3 तक एक आन्तरिक बाईपास मिल सकेगा।

श्री पाण्डेय ने उद्यान लोकार्पण अवसर पर कहा कि हर सेक्टर के दो सडकों के मध्य रिक्त भूमि पर ओपन गार्डन तथा सेवानृवित्त हुए कर्मचारियो के लिए क्लब हाऊस, बनाये जाने की बात पर जोर देते हुए कहा की भिलाई इस्पात संयंत्र सियान सदन के रूप में क्लब हाऊस हेतु कमरे उपलब्ध कराने तैयार है, किन्तु इसका रखरखाव वहाँ आने वाले लोगो को करना होगा । यदि इस तहर के कार्य हेतु लोग सहमत है, तो सेक्टर क्षेत्र में भी क्लब हाऊस के रूप में सियान सदन उपलब्ध होगा।

श्री पाण्डेय ने वार्ड–30 बाबा बालक नाथ मंदिर के सामने 50 लाख लागत से निर्मीत तालाब का सौन्दरीयकरण एंव विद्युतिकरण कार्य को जनता को लोकार्पित किया इसके पूर्व उन्होनें जोन–5 सेक्टर–10 सडक–24 एंव 25 के मध्य नवनिर्मीत उद्यान का लोकार्पण वहीं सेक्टर–5 वार्ड–44 के सडक–6 में 6.20 लाख की लागत से बनाये गये, उद्यान लोकार्पण किया। लोकार्पण कार्यकम में पार्षद श्रीमति उपासना साहू, शिवप्रकाश शिबु, अकबर अली, बब्बू भाई, संजय दानी, श्यामसुन्दर राव, आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा, ओपी वर्मा, बुधन ठाकुर, ने भी सबोधित किया।

इस अवसर पर पार्षद – श्रीमति निर्मला नायडू, निलीमा जैन, नुतन साहू, रेखा साहू, बी सुजाता, प्रकाश लहरे, रूपेश वर्मा, सहित राम कुमार गुप्ता, भागचंद जैन, रविन्द्र सिंह, अनिल मिश्रा, मनीष अग्रवाल, सहित क्षेत्र के नागरिक एंव निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थें।

भिलाईनगर/निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने डा.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत शा.प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पाटोरा का निरीक्षण किया तथा शाला में उपलब्ध आधारभूत सुविधारों,शिक्षा की गुणवत्ता बच्चो की उपस्थिति,माध्यम भोजन की गुणवत्ता आदि का जायजा लिया शिक्षकों विकास खण्ड, शिक्षा अधिकारी ,शाला विकास समिति पालको से शिक्षा के स्तर गुणवत्ता पर चर्चा की। उनके उपस्थितियों में ही शाला के अध्ययन इस छात्र–छात्राओं से हिन्दी,अंग्रेजी,गणित तथा विषयों से संबंधित प्रश्न पुछकर बच्चो की अभिव्यक्ति व दक्षता स्तर की जानकारी ली।

उन्होने कक्षा छठवी,सातवी,आठवी के बच्चो से संज्ञा,सर्वनाम की परिभाषा,अंग्रेजी शब्द लेखन छतीसगढ़ स्कूल की स्पेलिंग तथा हिन्दी वाक्य को अंग्रेजी में अनुवाद तथा ग्रामर सं संबधित प्रश्न,गणित विषय में वर्ग,वर्गमूल,त्रिभुज के प्रकार ,वृत,त्रिज्या,विज्ञान में कोशिका की परिभाषा व पानी का रासायनिक सूत्र,अणु,परमाणु की परिभाषा ,प्रकाश की परिभाषा के संबंध प्रश्न पूछा जिसका संतुष्टि जनक जवाब अधिकांश छात्रो द्वारा दिया गया । आयुक्त ने बच्चो से उत्साह पूर्वक मन लगाकर पढाई करने के लिए प्रेरित किया, आयुक्त ने शिक्षकों को बच्चो से विषयवस्तु से संबधित जानकारी सरल एवं बोध भाषा में देवे जिसमें बच्चो को विषय वस्तु रोचक प्रतीत हो व पढाई में उनकी रूचि विकसित हो सके।

आयुक्त शिक्षण की गुणवत्ता,बच्चों की नियमित उपस्थित शिक्षकों की नियमित उपस्थिति,शाला प्रबंधन समिति की बैठकों की भूमिका शाला विकास योजना,शिक्षकों का बच्चो साथ व्यवहार व संबंध शिक्षक की अध्यापन कार्य व शाला में सिखने का वातावरण,शिक्षक द्वारा शिक्षण योजना का निर्माण ,बच्चो का कक्षा अनुरूप पठन कौशल,लेखन,कौशल,अभिव्यक्ति कौशल गणितीय कौशल,वैज्ञानिक अभिवृति सहायक शिक्षण सामाग्री का उपयोग,शालेय स्वच्छता एवं अच्छी आदतों का विकास शाला में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं बच्चें की सहभागिता शाला में नियमित निरीक्षण एवं पर्यवेक्षक के स्थिति के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होने शाला प्रबंधक समिति के सदस्यों से शाला की शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों तथा समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होने विद्यालय में पर्याप्त एवं सुचारू विधुत उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु एसईसीएल के अधिकारियों को निर्देशित किया।

आयुक्त कहा कि विधालयों में गुणवत्ता युक्त शिक्षण सुनिश्चित किये जाने के लिए राज्य शासन द्वारा शिक्षा गुणवत्ता अभियान प्रारंभ किया गया है। जिले के विभिन्न स्कूलो में बच्चों के अध्ययन एंव अध्यापक में सुधार के साथ–साथ समुदाय को शाला के साथ और समीप में जोडने के उददेश से यह कार्यकम लागू किया गया है। उन्होने कहा कि शिक्षक और बच्चों में अच्छे संबंध होने चाहिए और बच्चों में अच्छे संबंध होना चाहिए और अध्यापन कार्य तनाव रहित माहौल में बिना डर के होना चाहिए। बच्चे अपने शिक्षकों से निःसंकोच शंकाओं का समाधान करने में समर्थ होने चाहिए। शिक्षकों को चाहिए कि समय–समय पर पालकों से मुलाकात कर बच्चों की प्रगति की जानकारी दें। शाला विकास योजना में शिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर करने के संबंध में बनाई गई कार्य योजना का उल्लेख किया जाना चाहिय। आयुक्त ने कहा कि बच्चो को शाला के अलावा घर पर भी पढाई का वातावरण मिले इसका ध्यान रखे जाये। सभी शिक्षकों को आपस में चर्चा कर टीम भावना के साथ शाला सुधार हेतु प्रयास करना चाहिए। उन्होने कहा कि शाला में शिक्षको को चाहिए कि बच्चों को स्वच्छता,साफ–सफाई की आदत विकसित करने में सहयोग करें। नियमित रूप से विभिन्न खेल,सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन कर अधिक से अधिक बच्चो को उसमें भाग लेने के प्रेरित करना चाहिए।

इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष सदस्य,ब्लाक शिक्षा एवं संकुल प्रभारी,प्रधान पाठक,शिक्षक,ग्राम के पालक सदस्य उपस्थित थे।

भिलाई नगर/राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर को अद्यतन करने के लिए कल्याण कॉलेज सेक्टर–7 में अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

राष्ट्रीय जनगणना के दौरान तैयार जनसंख्या रजिस्ट्रर में परिवार के मुखिया का हस्ताक्षर लेकर आधार नम्बर मोबाईल नम्बर जोड़ने कार्य हेतु जिले के शिक्षक, निगम कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिनों को प्रातः 10 बजे से शांम 5 बजे तक दो पाली में ग्यारह सौ पैतालिस अधिकारी व कर्मचारियों को मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण दिया गया। आगामी 15 नवम्बर से कर्मचारी सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में घर–घर घुम कर उक्त कार्य को एक माह में पुरा करेंगे।

प्रशिक्षण में जिला प्रशासन से सुनील जैन, निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा, प्रभारी राजस्व अधिकारी एच. के. चन्द्राकर, सम्पतिकर अधिकारी सनत बंछोर, जनगणना अधिकारी विजय शेरेकर, चन्द्रपाल हरमुख, सहित शिक्षा, आई.टी.आई., बी.एस.पी. के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# अमृत योजना में शामिल नगर निगम भिलाई को मिलेगा 118 करोड़

भिलाई 28 नवम्बर (सन्यूस)। अमृत योजना में शामिल नगर निगम भिलाई को 118 करोड़ की राशि प्राप्त होगी। केंद्र सरकार के शहरी विकास मंत्रालय में राशि जारी कर दी है। इस के तहत निगम क्षेत्र में अंडर ग्राउंड सिवरेज सिस्टम को लागू करने का काम प्राथमिकता के तौर पर संपत्ति किया जायेगा। अमृत मिशन के तहत वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर एक लाख से अधिक जनसंख्या वाले 9 शहरों का चयन छत्तीसगढ़ से किया गया है। इसमें नगर निगम भिलाई का क्षेत्र शामिल है। निगम क्षेत्र में योजना के तहत जलप्रदाय जल आवर्धन योजना भूमि सीवरेज सह सेटटेज प्रबंधन, पार्किंग एवं मनोरंजन स्थलों का विकास आदि पर कार्य योजना बनाकर काम किया जायेगा। मिशन के तहत निगम क्षेत्र में बने मकानों में नल कनेक्शन एवं शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जायेगी। साफ पानी उपलब्ध कराने के लिये जरूरत के हिसाब से उच्च स्तरीय जलागार, जलशोधन संयंत्र तथा पाईप लाईन बिछाने का काम किया जायेगा। निगम क्षेत्र में इस दिशा में काम प्रारंभ हो गया है। छावनी में बन रहे दो एमएलडी कफिल्टर प्लांट, कोहका, रूमाबांधा एवं छावनी में 32 हजार लीटर क्षमता की पानी टंकिया एवं कई वार्डो में पाईप लाईन बिछाये जाने का काम लोगों के घरों तक साफ-सुथरा पानी पहुंचाये जाने की प्रक्रिया का एक हिस्सा है। निगम क्षेत्र में सीवरेज सेटरेज सिस्टम का अभाव है। इसके लिये पूर्व में 108 करोड़ का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है। अब इस पर काम प्रारंभ करने का समय आ गया है। इसको लेकर निगम द्वारा कार्य योजना बनाई जा रही है। इसके लिये निगम वास्तुविदों को आमंत्रित कर उनके विचारों से रूबरू होने का क्रमम करने जा रहा है। इसके तहत निगम क्षेत्र में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं सेक्शन यूनिट क्रप करने का काम किया जायेगा। इसी कड़ी में गत दिवस प्रियदर्शीनी पूर्व में भिलाई नगर स्टेशन के पास 250 किलोमीटर का फाई टोराईड पद्धतिय आधारित सीवरेज ट्रीटमेंट संयंत्र के स्थापना हेतु आधार शिल रखी गई। इसमें शहर में बहने वाले गंदे पानी को एक स्थान पर एकत्रित कर इसे फाईटो राईड प्रणाली से उपचारित कर जल का प्रयोग गार्डन के साथ-साथ निर्माण कार्यों तथा वाहनों की धुलाई करने के उपयोग में किया जायेगा।


# स्वच्छता पखवाड़ा के पुरस्कार कार्यक्रम में पहुंचे तकनीकी शिक्षामंत्री



भिलाईनगर। स्वच्छता को लेकर झाड़ू उठाने का संदेश देश के प्रधान मंत्री ने दिया है उसे बुजुर्ग एवं बच्चो के बीच स्वच्छता को लेकर एक नई चेतना जागृत हुई है सन 2019 में इसके परिणम दिखने लगेंगे स्वच्छता का कार्य एक दिन का नही है । नगर निगम क्षेत्र के कुछ गांव जहां गंदगी की सड़ान उत्पन्न होती थी आज उन गांवों में विद्या मंदिर है और वह गांव आज साफऔर सुन्दर है ।

उन्होने कहा कि शहर का हर कोना साफहोगा कोई भी कोना गंदगी से मुक्त होने के लिए अछूता नही रहेगा उन्होने भिलाई निगम में चलाये गये स्वच्छता पखवाडा की सराहना करते हुंए कहा कि जिन लोगो को पुरस्कृत करने चुना गया निश्चित ही वे इस क्षेत्र के सक्रिय स्वच्छता दूत है मुल्यांकन का कार्य निस्पक्ष रहा इसके लिए निगम साधुवाद का पात्र है । उक्त उद्गार छ0ग0शासन के राजस्व आपदा प्रबंधन उच्च शिक्षा तकनिकी शिक्षा मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाडा के पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये उन्होने कहा कि शहर का हर कोना साफ होगा कोई भी कोना गंदगी से मुक्त होने के लिए अछूता नही रहेगा उन्होने भिलाई निगम में चलाये गये स्वच्छता पखवाडा की सराहना करते हुंए कहा कि जिन लोगो को पुरस्कृत करने चुना गया निश्चित ही वे इस क्षेत्र के सक्रिय स्वच्छता दूत है मुल्यांकन का कार्य निस्पक्ष रहा इसके लिए निगम साधुवाद का पात्र है । उन्होने आगे कहा कि निगम ने पखवाडा भर आम नागरिको से लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन कर उन्हें एक मंच प्रदान किया ऐसे अवसर बच्चो को मिलते रहना चाहिए।

# निगम की सफाई व्यवस्था एवं निजी शौचालय बनाने का काम संतोषजनक - जी.रविन्द्र



भिलाई 30 अक्टूबर (सन्यूस)। नागरिको में जब तक जागरूकता नही आयेगी, तक तक शहरों में सफाई व्यवस्था दुरस्थ नही हो पायेगी। शासन- प्रशासन इसको लेकर अपनी जवाबदारियों का सही ढंग से निर्वाहन कर रहा है। इसमें जनमानस की पूरी भागीदारी होना चाहिये। स्वच्छ भारत अभियान के तहत नगरीय निकाय क्षेत्रों में बन रहे निजी शैचालय एवं सफाई कार्य की व्यवस्था का अवलोकन करने आये केन्द्र सरकार के उपसचिव जीं.रविन्द्र ने भिलाई नगर निगम क्षेत्र का दौरा करने के दौरान नागरिकों से चर्चा के समय व्यक्त किया।

जी. रविन्द्र ने सर्व प्रथम निगम के वार्ड क्रमांक एक सुनवानी में बन रहे सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया। इसके निर्माण काम की जानकारी प्राप्त करने के बाद हो रहे काम एवं दी जाने वानी सुविधा को समुचित बताया। तदपश्चात उन्होंने माडल टाउन की उडिया बस्ती में जाकर घरो में बन रहे निजी शौचालयों का जायजा लिया यहा पर हो रहे काम की गुणवत्ता से लेकर हर विषय पर नागरिकों से चर्चा किया। नागरिको ने सरकार की इस योजना को जनहित में सही बताया एवं बहुत पहले शुरू करने की बात कही। इसके पश्चात उन्होने वार्ड 5 एवं 6 में बन रहे निजी शौचालयों के कार्यो को देखने के बाद समनगर स्थित डबलडकर सुलभ शौचालय में पहुंचकर इसका जायजा लिया। यहाँ पर दी जाने वाली सुविधा को लेकर लोगो से बातचीत की। नागरिको ने इस सुलभ में पानी की व्यवस्था नही होने की स्थिति से अवगत कराया। इसके बाद वार्ड क्रमांक 23 में कुष्ठ बस्ती में पहुचकर सफाई काम को देखा। पावर हाउस बस स्टैण्ड के सामने बन रहे सुलभ शौचालय के काम का अवलोकन किया इसके बाद खुर्सीपार में गौतम नगर में बन रहे सुलभ शौचालय को देखा। यहा पर वार्डो में हो रही सफाई व्यवस्था पर संतोष व्यक्त कर उन्होंने लोगो से कहा कि घर से निकलने वाले कचरे का कंटेनर में डाले या फिर घरों में इसे इकठठा कर इसे कचरा लेने वाले कर्मी को देवे। उन्होने नागरिकों से घर-घर कचरा लेने की व्यवस्था की जानकारी प्राप्त किया, तो नागरिकों ने बताया कि निगम कर्मी घरों में हर रोज कचरा लेने आ रहे है। निरीक्षण के दौरान नागरिको ने कहा कि निगम द्वारा बनाये गये सुलभ शौचालयों में पानी की व्यवस्था नही है। इस पर उन्होंने निगम आयुक्त नरेन्द्र दुग्गा को इस समस्या का तत्काल निराकरण करने का निर्देश दिया। केन्द्र सरकार के इस अधिकारी ने निगम की सफाई व्यवस्था पर संतोष जाहिर कर इसमें जनता की भागीदारी होने के पहलू पर ध्यान देने को कहा।

# शहर की सड़कों पर नहीं दिखेंगे गड्ढे आज से उन्हें भरे जाने के लिए अभियान

भिलाई| शहरवासियों को जल्द ही गड्ढे वाली सड़कों से निजात मिलने वाली है। नगर निगम भिलाई ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। बुधवार से शहर के सभी सड़कों में पैचवर्क का काम शुरू होगा। इसके लिए निगम आयुक्त नरेंद्र दुग्गा ने सभी जोन आयुक्तों को निर्देशित किया है। वहीं ठेकेदारों को स्पष्ट कहा है कि, जो सड़कें गारंटी पीरियेड में है। उसे प्रॉपर मेंटनेंस करते रहें। आयुक्त दुग्गा मंगलवार को शहर के विभिन्न सड़कों का निरीक्षण भी किया। जहां उन्होंने अफसरों को निर्देशित करते हुए कहा कि, सभी सड़कों के गड्ढे जल्द से जल्द भरे जाए। वहीं जिन इलाकों में बेढंगे तरीके से ब्रेकर बनाए गए हैं। उसे हटाने के लिए कहा है। आयुक्त दुग्गा मंगलवार को खुर्सीपार, प्रियदर्शनी परिसर, दक्षिण गंगोत्री सुपेला समेत अन्य वार्डों में पहुंचे। इससे लोगों को राहत मिलेगी।



**निर्माण कार्य** ■ लोगों की मांग पर कैम्प में पुनः सड़क का निर्माण कार्य शुरू किया गया है। इससे पहले भी सड़क दो बार बनाई जा चुकी थी, जिसकी गुणवत्ता को लेकर लोगों ने आपत्ति जताई थी।

# 18,104 हेक्टेयर भूमि पर बनेंगे गरीबों के आवास

निगम ने कालोनाईजरों से 15 प्रतिशत भूमि लेकर कराया पंजीयन

हमारे प्रतिनिधि

भिलाईनगर. निगम क्षेत्र में कालोनाईजरों द्वारा खाली की गई 15 प्रतिशत भूमि के अंतर्गत 18,104 हेक्टर भूमि पर गरीबों के लिए आवास बनाया जाएगा. निगम के भवनअनुज्ञा विभाग ने रिक्त की गई भूमिका पंजीयन निगम के पक्ष में करवा लिया है. इसके बाद इन भूखंडों पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सबका आवास के तहत आवासों के निर्माण करने का काम प्रारंभ किया जाएगा.

निगम क्षेत्र में बिल्डरों ने 76 अधिकृत कालोनियों का निर्माण किया है. इसमें 43 अवैध कालोनियों क बनाया गया है. बनाई गई अवैध कालोनियों के नियमितीकरण की प्रक्रिया में 12 कालोनियों को नियमित कर यहां पर मकानों के निर्माण के लिए भवन अनुज्ञा परमिशन देने का काम प्रारंभ कर दिया है. इसके साथ ही अवैध से वैध बनी इन कालोनियों में मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह देने का रास्ता साफ हो गया है.

निगम में 67 कालोनाईजरों मे पंजीयन कराये जाने का काम किया है. इन रजिस्टर्ड कालोनियों में गरीब वर्ग के लिए 15 प्रतिशत भूमि रखे जाने का प्रावधान है. इसके तहत बिल्डर्स ने बनाई गई कालोनी में गरीबों के कमानों के लिए निर्धारित भूखंडों को छोड़कर रखा है. वर्षो से खाली पड़ी भूखडों का उपयोग निगम अपने अधिकारियों को लापरवाही के चलते नहीं कर पा रहा था. इसको देखकर आयुक्त ने कड़ा रुख अपनाया तब जाकर 28 कालोनियों में गरीबों के मकान हेतु छोड़ी गई जमीनों को चिन्हित कर इसके पंजीयन का कार्य निगम के पक्ष में करवाया गया. अब इन कालोनियों में गरीबों के लिए मकान बनाये जाने का काम निगम की अगली परिषद करेगी.

# निगम को स्मार्ट सिटी बनाने का काम प्राथमिकता के तौर पर होगा

भिलाई, 29 दिसम्बर (सन्यूस)। वर्ष 2016 में नगर निगम की सत्ता पर काबिज हाने वाले लोगों के सामने शहर को स्मार्ट सिटी के रूप मे बनाये जाने का काम प्राथमिकता के तौर पर करना पड़ेगा। सम्पन्न निगम चुनाव में स्मार्ट सिटी बनाने का वायदा हर प्रत्याशी ने किया है। इस कारण स्मार्ट सिटी की योजना को मूर्तरूप देने का काम प्रारंभ से करना पड़ेगा। तब जाकर साल दो साल में इसके अच्छे परिणाम जनता के सामने दिखाई पड़ने लगेगें।

स्मार्ट सिटी को बनाये जाने को लेकर केन्द्र सरकार ने माप दंण्डों का निर्धारण कर रखा है। इसके तहत शहर के विकास के परिपेक्ष्य में काम करना होगा। भिलाई को सुपर स्मार्ट सिटी बनाने के लिये वित्तीय संसाधन जुटाने का काम निगम को ही करना होगा। इसके साथ ही शहर में रहने वाले नागरिकों को दी जाने वाली मूलभूत सुविधायें गुणवत्ता विहीन होगी। इसके तहत शुद्ध पेयजल, सीवरेज सिस्टम सुनियोजित विद्युत आपूर्ति ठोस अपशिष्ट प्रबंधन सहित सफाई, सक्षम शहरी गतिशीलता और सार्वजनिक परिवहन, गरीबों के लिये किफायती आवासों की व्यवस्था, सक्षम आई टी कनैक्टिविटी और डिजीटेलाईजेशन, ई गर्वेनस और नागरिक भागीदारी, सुस्थिर पर्यावरण, महिलाओं, बच्चों एवं वृद्ध नागरिकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य तथा शिक्षा की व्यवस्था करनी होगी। स्मार्ट सिटी मिशन का उद्देश्य आर्थिक विकास करना और बेहतर स्थानीय क्षेत्र विकास और प्रौद्योगिकी का उपयोग कर लोगों के जीवन की गुण्वत्ता में सुधार करना होगा।

**Editorial Board**

श्री नरेन्द्र दुग्गा
आयुक्त (आई.ए.एस.)
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री अशोक पहाड़िया
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई